प्रदेश में खुलेंगे 100 आँचल कैफे, उत्पादों की होगी मार्केटिंग

चर्चा में क्यों?

5 दिसंबर, 2022 को दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने देहरादून के घंटाघर स्थित एमडीडीए कॉम्पलेक्स में 'आँचल कैफे' का उद्घाटन करते हुए आँचल दूध से बने उत्पादों की मार्केटिंग और रोज़गार के लिये प्रदेश भर में इस तरह के 100 आँचल कैफे खोले जाने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि विभाग की ओर से आँचल कैफे बनाकर दिया जाएगा, जो कमीशन के आधार पर संचालित होगा। आँचल कैफे आवंटन में शहीदों के आश्रितों, राज्य आंदोलनकारी, दिव्यांग, महिलाओं, युवाओं को प्राथमिकता दी गई है।
- आँचल कैफे में लोगों को दूध के अलावा आइसक्रीम, दही, लस्सी, शेक, घी, पनीर समेत अन्य दुग्ध उत्पाद एक ही जगह पर उपलब्ध होंगे।
- विभागीय मंत्री ने कहा कि आँचल का पहला कैफे शहीद जगदीश प्रसाद की पत्नी कंचनी देवी को आवंटित किया गया है। दो माह के भीतर देहरादून के महत्त्वपूर्ण स्थानों पर 10 आँचल कैफे और स्थापित किये जाएंगे।
- उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये सरकार ने भूसे में 50 प्रतिशत सब्सिडी देने का निर्णय लिया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/100-aanchal-cafes-will-be-opened-in-the-state